हिंदी
(301)
शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

कुल अंक : 20

निर्देश : (i) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके आगे अंकित हैं।

(ii) उत्तर-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन-केंद्र का नाम एवं विषय लिखिए।

खंड-क

लगभग 50 शब्दों में उत्तर लिखिए :

1. आपने रैदास के दोहे पढ़े हैं। इन दोहों में व्यक्त विचारों की वर्तमान सामाजिक संदर्भों में प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखिए। (2)

(पाठ-2 देखें)

अथवा

रामधारी सिंह दिनकर के अनुसार 'स्वतंत्रता बाहरी वस्तु नहीं बल्कि भीतरी गुण है'– अनुभव के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए। (पाठ-22 देखें)

2. तुलसीदास कृत 'रामचरितमानस' का एक अंश 'भरत का भ्रातृप्रेम' आपने पढ़ा है। इस अंश में भरत द्वारा माँ के प्रति की गई टिप्पणी के औचित्य पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। (2)

(पाठ-3 देखें)

अथवा

'हिंदी कविता की विकास-यात्रा' पाठ में दुष्यंत कुमार का एक शेर उद्धृत किया गया है–

"सिर्फ़ हंगामा खड़ा करना मेरा मक़सद नहीं
मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए।"

- उपर्युक्त शेर में व्यक्त भाव को स्पष्ट कीजिए।

(पाठ-25 देखें)

3. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में पीढ़ियों के संघर्ष का चित्रण हुआ है। आप दो पीढ़ियों के बीच किस रूप में सामंजस्य स्थापित करना चाहेंगे– स्पष्ट कीजिए। (2)

(पाठ-17 देखें)

अथवा

'कुटज' प्रतिकूल स्थितियों में भी संघर्ष करके जीवन-रस पा लेता है। अपने जीवन में किए गए किसी ऐसे संघर्ष और उसके अनुकूल परिणाम का वर्णन कीजिए। (पाठ-18 देखें)

खंड-ख

लगभग 100-150 शब्दों में उत्तर लिखिए :

4. भाव-पल्लवन कीजिए– 'सूचना का अधिकार सुशासन में सहायक है।' (4)

(पाठ-20 देखें)

अथवा

'विराटा की पद्‌मिनी' उपन्यास में बुंदेलखंड की लोक-संस्कृति का चित्रण हुआ है। आप अपने क्षेत्र की लोक-संस्कृति की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करते हुए एक निबंध लिखिए। (पाठ-29 एवं 32 देखें)

5. रामचंद्र शुक्ल ने सात्विक क्रोध की आवश्यकता पर बल दिया है। 'सात्विक क्रोध' से आशय स्पष्ट करते हुए किसी वर्तमान संदर्भ में इसकी आवश्यकता का औचित्य सिद्‌ध कीजिए। (4)

(पाठ-26 देखें)

अथवा

'वह तोड़ती पत्थर' कविता में निराला ने प्रतिकूल परिस्थितियों में श्रम करती महिला का चित्रण किया है। आप भी किसी श्रमरत व्यक्ति का शब्द-चित्र अपने शब्दों में लिखिए। (पाठ-13 एवं 9 देखें)

खंड-ग

परियोजना तैयार कीजिए :

6. किसी प्रदेश में 1971 में कुल जनसंख्या में पुरुषों का प्रतिशत 52 एवं स्त्रियों का 48 था। 1981 में यह क्रमशः 53.5 एवं 46.5, 1991 में क्रमशः 55 एवं 45, 2001 में 54.5 एवं 45.5 तथा 2011 में 58 एवं 42 हो गया।

उपर्युक्त तथ्यों को **बार चित्र** द्‌वारा दर्शाइए तथा लिंगानुपात का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए उसके परिणामों पर टिप्पणी लिखिए। (6)

(पाठ-30 देखें)

अथवा

आप एक जागरूक नागरिक हैं और अपने आसपास की घटनाओं पर नज़र रखते हैं। पिछले तीन महीनों में घटित आपराधिक घटनाओं के समाचार एवं चित्रों को अख़बारों से संकलित कीजिए और उनका उपयोग एवं विश्लेषण करते हुए नागरिक परिषद् के सचिव की ओर से एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। (पाठ-21 देखें)